# मेरा श्याम की कृपा से | By Anjali Sahrma

मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है
करते हो खाटूवाले .....
करते हो तुम ऐ बाबा, मेरा नाम हो रहा है
मेरा श्याम की कृपा से सब काम हो रहा है

मैं तो रहा अज्ञानी, तेरा पार कैसे पाऊं
बाबा तेरी महिमा का गुणगान कैसे गाऊं
तेरी कृपा का चर्चा.....
तेरी दया का चर्चा सुबह शाम हो रहा है
करते हो तुम ऐ बाबा, मेरा नाम हो रहा है
मेरा श्याम की कृपा से सब काम हो रहा है

तू है बड़ा दयालु दया दृष्टि रखने वाला
ठुकराया जिसको जग ने तूने ही तो सम्भाला
हर दिल दीवाना तेरा, मेरे श्याम हो रहा है
करते हो खाटूवाले
करते हो तुम ऐ बाबा, मेरा नाम हो रहा है
मेरा श्याम की कृपा से सब काम हो रहा है
मेरा श्याम की कृपा से सब काम हो रहा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-anjali-sahrma/